छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

सूचना

क्रमांक 16103 /2023 बिलासपुर, दिनांक 05/12/2023
विज्ञापन क. 03/2023 (CPE)

माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों के पद की भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमाँक–03/2023, दिनाँक– 26/05/2023 के माध्यम से आवेदन–पत्र मंगाये गये थे।

विज्ञापन की शर्तों के आधार पर आवेदन पत्र की छंटाई के उपरांत **77 पदों** के अनुरूप **कुल 519** अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा **छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर** में अनुक्रमांक अनुसार निम्न तिथियों को आयोजित की जायेगी।

स. क.	दिनांक	अनुकमांक
1.	16/12/2023	01 से 260
2.	17/12/2023	261 से 519

पात्र अभ्यर्थियों की सूची माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट https://highcourt.cg.gov.in पर उपलब्ध करा दी गई है।

कौशल परीक्षा के लिये पात्र अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट में उपलब्ध करा दिया जायेगा। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं, जो अभ्यर्थी के कौशल परीक्षा के लिये अधिकृत प्रवेश पत्र होगा। कृपया ध्यान रखें किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी रूप में कौशल परीक्षा हेतु सूचना/प्रवेश पत्र/बुलावा पत्र पृथक से नहीं भेजा जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

कौशल–परीक्षा हेतु अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित मूल दस्तावेज, नवीनतम पासपोर्ट साईज़ फोटोग्राफ, पहचान–पत्र (आधार–कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या ड्राईविंग लायसेंस) की मूल प्रति, आरक्षण से संबंधित अपना मूल दस्तावेज (जाति एवं निवास प्रमाण–पत्र तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र) लेकर माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के गेट क्रमाँक–3 से प्रवेश कर भारतीय स्टेट बैंक (SBI) गेट के पास प्रातः 9:00 बजे निर्धारित तिथि को अनुक्रमांक अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(अरविंद कुमार वर्मा)
रजिस्ट्रार जनरल
05.12.2023